हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
नवाबगंज, कानपुर - 208002, उ.प्र., भारत
HARCOURT BUTLER TECHNICAL UNIVERSITY
NAWABGANJ, KANPUR - 208002, U.P., INDIA
(Formerly Harcourt Butler Technological Institute, Kanpur)
Phone : +91-0512-2534001-5, 2533812, website : http://www.hbtu.ac.in, Email : vc@hbtu.ac.in

100+ YEARS 1921 - 2021

A+ NAAC

पत्रांक सं0: 21/आई0एच0/2025 दिनांक: मई 06, 2025

## उद्भवन परिषद की चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 28/04/2025 को 3.00 बजे विश्वविद्यालय समिति कक्ष में मा0 कुलपति महोदय की अध्यक्षता में उद्भवन परिषद की सम्पन्न चतुर्थ बैठक का कार्यवृत्त –

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये या ऑनलाइन माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया:**

| क्रम सं0 | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर | **अध्यक्ष** |
| 2. | प्रो0 जितेन्द्र भास्कर | अधिष्ठाता, उद्भवन हब |
| 3. | प्रो0 दिप्तीक परमार | अधिष्ठाता, योजना एवं श्रोत जनन |
| 4. | प्रो0 जे0 रामकुमार | प्रोफेसर, मैके0ई0 विभाग, आई0आई0टी0 कानपुर (Online) |
| 5. | प्रो0 दीपू फिलिप | प्रोफेसर, आई0एम0ई0विभाग, आई0आई0टी0 कानपुर (Online) |
| 6. | डा0 अमित सरैया | Scientist-F, DMSRDE Kanpur |
| 7. | डा0 अशीष दुबे | Scientist-F, Project Director DTTC (DRDO), Lucknow |
| 8. | श्री मिश्री लाल | निदेशक, एम0एस0एम0ई0 (Online) |
| 9. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी | अधिष्ठाता, एस0ओ0सी0टी0 |
| 10. | डा0 राजीव गांगुली | एसोसिएट अधिष्ठाता, उद्भवन हब |
| 11. | प्रो0 ललित कुमार सिहं | अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप |
| 12. | डा0 बी0 बी0 सागर | संयोजक, आई0आई0सी0 |
| 13. | श्री अभय द्विवेदी | छात्र, स्टार्ट–अप सी0ई0ओ0, तनप्रिस डायनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड कानपुर |
| 14. | श्रीमती अनामिका मिश्रा पाण्डेय | सी0ई0ओ0, तनप्रिस डायनामिक्स प्राइवेट लिमिटेड कानपुर |
| 15. | श्री गुड्डू कुमार | स्टार्ट–अप सी0ई0ओ0, कैम्पस हाट सॅाल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड कानपुर |
| 16. | सुश्री स्वाति | मैनेजर, उद्भवन हब |

**उद्भवन परिषद के अध्यक्ष महोदय एवं सचिव द्वारा बैठक प्रारंभ होने से पूर्व उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई:**

**मद सं0: 04:01** **विश्वविद्यालय की उद्भवन परिषद की दिनांक 15/09/2020 को सम्पन्न तृतीय बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद द्वारा दिनांक 15/09/2020 को सम्पन्न तृतीय बैठक के निर्णयों का पुष्टीकरण किया गया।

**मद सं0: 04:02** **विश्वविद्यालय की उद्भवन परिषद की दिनांक 15/09/2020 को सम्पन्न तृतीय बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद द्वारा दिनांक 15/09/2020 को सम्पन्न तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं डी0आई0सी0 परियोजनाओं से संबधित उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं खर्च के विवरण (Utilization Certificate & Statement of expenditure) को आई0आई0टी0 कानपुर को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

परिषद द्वारा उद्भवन परिषद की बैठक को नियमित रूप से आयोजित करने के दिशा निर्देश दिये गये।

**मद सं0: 04:03** **इनक्यूबेशन हब की वर्ष 2020 से वर्ष 2025 तक की प्रगति आख्या।**

परिषद द्वारा इनक्यूबेशन हब की वर्ष 2020 से 2025 तक की प्रगति आख्या को सराहा गया। सम्पन्न तृतीय बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

**मद सं0: 04:04** **एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन के स्थापित वर्ष 2022 से वर्ष 2025 तक की प्रगति आख्या।**

परिषद द्वारा एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन की स्थापना वर्ष 2022 से 2025 तक की प्रगति आख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

परिषद द्वारा स्टार्ट–अप की संख्या को और अधिक बढ़ाने की अपेक्षा की गयी।

**मद सं0: 04:05** **HBTU Innovation and Start-up Policy 2020 को प्रभावी बनाने हेतु HBTU Innovation and Start-up Policy 2025 के तैयार ड्राफ्ट पर विचार व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।**

परिषद द्वारा HBTU Innovation and Start-up Policy-2025 हेतु गठित समिति द्वारा तैयार ड्राफ्ट का अवलोकन किया गया और कुछ बिंदुओं पर सुधारोपरान्त परिषद की बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता / विभागाध्यक्ष के संज्ञान में लाकर टिप्पणी प्राप्त की जाए। तदोपरान्त परिषद के मा0 अध्यक्ष से अनुमोदित करा कर HBTU Innovation and Start-up Policy-2025 का लागू किया जाए।

मद संं0: 04:06 **एच0बी0टी0यू0 विश्वविद्यालय के इनक्यूबेशन सेंटर को एक विशेष विधा में–सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के हेतु Green & Energy Efficient Chemical Technologies for Sustainability पर चर्चा।**

परिषद द्वारा वर्तमान समय में रसायन तकनीकी पर आधारित उद्योगों में ऊर्जा खपत एवं होने वाले प्रदूषण के दृष्टिगत एवं विश्वविद्यालय की Chemical Technologies क्षेत्र में निपुणता व क्षमता को देखते हुए Green & Energy Efficient Chemical Technologies for Sustainability के क्षेत्र में विशेष रूप से इनोवेशन एवं स्टार्ट–अप को Mentorship करने हेतु इस विशेष विधा में अन्य क्षेत्रों के साथ–साथ एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन को एक केन्द्र के रुप में विकसित किया जाए।

मद संं0: 04:07 **एच0बी0टी0यू0 विश्वविद्यालय के छात्रों व शिक्षकों द्वारा संचालित स्टार्ट–अप को स्वतः एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन में 03 वर्ष के लिए Registered करने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के **शिक्षकों को स्टार्ट–अप** में भाग लेने व स्टार्ट–अप स्थापित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा स्टार्ट–अप पॉलिसी 2020 के अर्न्तगत फैक्लटी स्टार्ट–अप के नॉर्म्स के प्रावधानों के तहत दी गयी सशर्त अनुमति व एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन के Address को स्टार्ट–अप कम्पनी स्थापित करने हेतु उपयोग किये जाने का संज्ञान लिया गया।

इस अनुमति के क्रम में शिक्षकों को एक Conflict of Interest हस्ताक्ष्र करने के साथ स्थापित स्टार्ट–अप कम्पनी को 03 वर्षों तक एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन में Incubated होना था।

इसी क्रम मे परिषद द्वारा निर्णय लिया गया की उक्त अनुमति के क्रम में स्थापित शिक्षक स्टार्ट–अप को स्टार्ट–अप कम्पनी के स्थापित करने की तिथि से ही एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन में **स्वतः** Incubated माना जाएगा। परन्तु समय–समय पर शिक्षक स्टार्ट–अप को प्रगति आख्या प्रस्तुत करनी पड़ेगी।

उपरोक्तानुसार **छात्र स्टार्ट–अप** कम्पनी को भी प्रोत्साहित करने के लिए एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन के Address को स्टार्ट–अप कम्पनी स्थापित करने हेतु दी जा रही अनुमति का भी सज्ञांन लिया। परिषद द्वारा शिक्षक स्टार्ट–अप कम्पनी की भाँति ही इस प्रकार के छात्र स्टार्ट–अप कम्पनियों को स्थापित करने की तिथि से ही एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन में **स्वतः** Incubated माना जाएगा। परन्तु समय–समय पर शिक्षक स्टार्ट–अप को प्रगति आख्या प्रस्तुत करनी पड़ेगी।

परिषद द्वारा यह भी निर्णय लिया गया की उपरोक्त प्रकार के शिक्षक एवं छात्र स्टार्ट–अप से कम्पनी की नियमानुसार Equity को एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन के पक्ष मे प्राप्त करने की कार्यवाही की जाए।

**मद सं0: 04:08** **एच0बी0टी0यू0 विश्वविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा सम्मलित रूप से स्टार्ट–अप कम्पनी बनाने की दशा में उसे छात्र अथवा शिक्षक स्टार्ट–अप के किसी एक प्रकार के रुप में मान्यता देने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा छात्रों एवं शिक्षकों के द्वारा सम्मलित रूप से स्टार्ट–अप कम्पनी बनाने की दशा में उसे कम्पनी में अधिकतम **Share Holding** के आधार पर छात्र अथवा शिक्षक स्टार्ट–अप के रुप में मान्यता देने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0: 04:09** **शिक्षक स्टार्ट–अप हेतु शिक्षकों की स्टार्ट–अप में प्रतिभागिता को Executive & Non-Executive (Promoter) पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा शिक्षक स्टार्ट–अप हेतु शिक्षकों की स्टार्ट–अप में प्रतिभागिता को Executive & Non-Executive (Promoter) के सम्बंध में यह निर्णय लिया गया की यदि शिक्षक कम्पनी में वेतन धारक के रुप में कार्य करने की दशा मे शिक्षक को स्टार्ट–अप कम्पनी में Executive Capacity के रुप में समझा जाए।

**मद सं0: 04:10** **Faculty & Student Start-up हेतु कम्पनी बनाने व 03 वर्ष तक वार्षिक खर्चो को वहन करने के हेतु अनुदान।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के पत्र सं0– 91/आई0एच0/2024 दिनांक–12/04/2024 के बिंदु 8(5) पर शिक्षकों /छात्रों द्वारा स्थापित 20 स्टार्ट–अप कम्पनियों के स्थापित करने व वार्षिक खर्चों को टी0बी0आई0 फाउंडेशन के माध्यम से वहन करने हेतु अधिकतम रुपये–40,000.00 (चालीस हजार रुपये) के हिसाब से कुल 6.00 लाख रुपये खर्च करने के निर्णय का सज्ञांन लिया गया।

उपरोक्त के क्रम में परिषद द्वारा शिक्षकों व छात्रों द्वारा स्टार्ट–अप कम्पनियों के स्थापित करने व वार्षिक खर्चों हेतु अधिकतम सीमा–40,000.00 (चालीस हजार

रुपये) को ध्यान में रखते हुए टी0बी0आई0 फाउंडेशन के माध्यम से सम्बंधित छात्र एवं शिक्षक स्टार्ट–अप कम्पनी को प्रतिपूर्ति करने पर अनुमोदन प्रदान किया।

परिषद द्वारा उपरोक्त के क्रम में यह भी निर्देश दिये गये की सम्बंधित छात्र एवं शिक्षक स्टार्ट–अप कम्पनी में नियमानुसार Equity को एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन के पक्ष मे प्राप्त करने की कार्यवाही की जाए।

**मद सं0: 04:11** **एच0बी0टी0यू0 छात्र /शिक्षक/ वाहयः स्टार्ट–अप को मुफ्त अथवा शुल्क के आधार पर 03 वर्षों तक के लिए Intellectual Property Rights को हस्तान्तरण करने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा स्वयं छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा विकसित तकनीकी पर आधारित विश्वविद्यालय के Intellectual Property Rights को Equity की शर्त पर हस्तांरित किये जाने की अनुमति विश्वविद्यालय के Intellectual Property Rights Cell के माध्यम से दिये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

परिषद द्वारा यह भी निर्देश दिये गये की Intellectual Property Rights हस्तांतरण में Intellectual Property Rights Owner तथा Inventors की सहमति प्राप्त करना आवश्यक होगा। Intellectual Property Rights Owner तथा Inventors दोनों का वित्तीय लाभ का भागीदार बनाया जाएगा। जिसमें Inventors का अनुपात प्रारम्भ के 3–4 वर्षों तक अधिक होगा तथा बाद में IPR Owner Institute के लिये अधिक शेयर की व्यवस्था की जाएगी।

**मद सं0: 04:12** **एच0बी0टी0यू0 विश्वविद्यालय में विकसित तकनीकी का प्रभावी तरीके से Intellectual Property Rights को पेटेंट ऑफिस में फाइल करने हेतु व्यवस्था करने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा छात्रों एवं शिक्षको के द्वारा नयी तकनीकी पर आधारित Intellectual Property Rights हेतु आवेदन को सरल व शीघ्र पर बल दिया और निर्देशित किया कि विश्वविद्यालय का Intellectual Property Rights Cell इस दिशा ठोस कदम उठाए और आई0आई0टी0 कानपुर की इस सम्बंध में व्यवस्थानुसार अनेक वाहयः सस्थाओं (IPR Attorneys) को पैनल बनाया जाए जो एक निश्चित दर पर सभी प्रकार के IPR Application (Patent, Design Registration, Copy Right and Trade Mark) की प्रक्रिया को सम्पन्न कर सके।

प्रक्रिया कई स्तरों पर सम्पन्न होने की दशा में अलग–अलग स्तर पर खर्च होने की दर को भी निश्चित किये जाने के भी निर्देश दिये गये जिससे वाहयः सस्थांओं विभिन्न स्तरों को पूरा करने के उपरान्त पूरा किया जा सके।

**मद सं0: 04:13** **Registered Start-up's को शोध कार्यो हेतु एच0बी0टी0यू0 विश्वविद्यालय द्वारा मुफ्त (Free of Cost) शोध व परीक्षण सुविधाएं दिये जाने पर विचार और अनुमोदन।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय की शोध एवं टेस्टिंग सुविधाओं को स्टार्ट–अप कम्पनी में Equity को एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन के पक्ष मे प्राप्त करने की दशा में बिना कोई अलग से शुल्क लिये हुए, को दिये जाने पर अनुमति प्रदान की।

**मद सं0: 04:14** **Pre-Incubation हेतु छात्रो को HBTU-TBI Foundation के माध्यम से Seed-Fund दिये जाने पर विचार।**

परिषद द्वारा शिक्षकों/छात्रों द्वारा स्टार्ट–अप हेतु Pre-Incubation and Incubation हेतु समिति के माध्यम से 50,000.00 (पचास हजार) तक की सीमा तक Incubation Hub/ HBTU-TBI Foundation द्वारा निर्धारित Terms & Conditions एवं Equity की शर्त पर Seed-Fund दिये जाने अनुमति प्रदान की। परिषद द्वारा निर्देशित किया गया कि छात्रों को Seed-Fund दिये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ के समय से ही एक Faculty Mentor छात्रों की सहमति से नामित किया जाएगा। छात्रों को Seed-Fund उपयोग किये जाने के उपरान्त अथवा No-dues के समय Seed-Fund की उपयोगिता का आकलन एक समिति के माध्यम से किया जाएगा। छात्रों को यह कार्यवाही डिग्री पूर्ण होने के कुछ माह पूर्व ही सचेत होकर कराने पर ध्यान देना होगा जिससे डिग्री पूर्ण के समय किसी भी बाधा का सामना न करना पड़े।

**मद सं0: 04:15** **एच0बी0टी0यू0 विश्वविद्यालय के छात्रों को इनोवेशन/ इनक्यूबेशन/ स्टार्टअप के कार्यो के आधार पर परीक्षा हेतु आवश्यक उपस्थिति में छूठ दिये जाने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राओं को इनोवेशन एवं स्टार्ट–अप में कार्य करने के आधार पर शैक्षिक उपस्थिति में विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु आवश्यक 75% के मानकों हेतु Faculty Mentor के माध्यम से अधिष्ठाता, उद्भवन की अनुशंसा पर अधिकतम 5% आवश्यक छूट दिये जाने पर सहानूभूति पूर्वक विचार करने पर सहमति प्रदान की साथ ही निर्देशित किया कि इस बिन्दु को विश्वविद्यालय की Academic Council को संदर्भित किया जाए।

**मद सं0: 04:16** **Student & Faculty Start-up Innovation Award दिये जाने पर चर्चा।**

परिषद द्वारा Student Innovation Award, Faculty Start-up Innovation Award & Women Innovation Award दिये जाने की नीति निर्धारण के उपरान्त प्रारम्भ किये जाने पर अनुमति प्रदान की।

**मद सं0: 04:17** **इनक्यूबेशन हब/एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन के अधीन CSR Grant प्राप्त करने हेतु समिति के गठन पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा इनक्यूबेशन हब/एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन में CSR Grant प्राप्त करने के सम्बंध में Dean P&RG की अध्यक्षता में Dean Incubation Hub, Dean R&D एवं अन्य सदस्यों को सम्मिलित करते हुए एक समिति के माध्यम से नीति निर्धारण करने के दिशा निर्देश दिये गये।

**मद सं0: 04:18** **एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन को आत्मनिर्भर बनाने हेतु Revenue Generate के उपायों पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा इनक्यूबेशन हब/एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन में Revenue Generate के उपायों पर Section-8 Company के नियमानुसार करने के निर्देश दिये गये और साथ ही स्टार्ट–अप कम्पनियों में Equity प्राप्त पर बल दिया गया। साथ ही वित्पोषण ऐजेंसियों जैसा कि रक्षा विभाग (डी0आर0डी0ओ0) इत्यादि के योजनाओं में आवेदन करने पर भी बल दिया गया।

**मद सं0: 04:19** **एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन की प्रथक रूप से वेबसाइट बनाने का कार्य को वाहयः ऐजेन्सी को सौंपने पर विचार एवं अनुमोदन।**

परिषद द्वारा एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन की पृथक वेबसाइट को वाहयः ऐजेन्सी से बनाने पर अनुमोदन प्राप्त किया गया। यह भी निर्देश दिये गये विश्वविद्यालय की आन्तरिक क्षमताओं का अगर उपयोग सम्भव हो तो करने का प्रयास करें। वेबसाइट का कार्य पूर्ण होने पर वेबसाइट का लिंक HBTU की वेबसाइट में दिया जाए।

**मद सं0: 04:20** **इनक्यूबेशन हब के Infrastructure को विकसित करने पर विचार।**

परिषद द्वारा इनक्यूबेशन हब/एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउंडेशन के Infrastructure को स्टार्ट–अप के अनुरुप बनाने के प्रस्ताव को सक्षम स्तर पर प्रस्तुत करने के दिशा निर्देश दिये गये।

**मद सं0: 04:21** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य बिन्दु पर विचार।**

परिषद के समक्ष किसी अन्य बिन्दु को प्रस्तुत नहीं किया गया और मा0 अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

6/5/2025

**(प्रो0 जितेन्द्र भास्कर)**
**सदस्य सचिव**